## खास-खबरें

### जनपद पंचायत कार्यालय सिरोंज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज पहुंचकर जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से संवाद कर विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनपद पंचायत में रखी फाइलों के गट्ठों को व्यवस्थित कर उनकी सूची चस्पा करने तथा रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण पंजी को व्यवस्थित रखने तथा कार्यालय स्टाफ का नाम, कार्य एवं मोबाइल नंबर सहित विवरण संबंधित कक्ष के बाहर अंकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनपद पंचायत कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए। उन्होंने मौके पर उपस्थित जनपद सीईओ को प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आवास योजना के लाभ प्राप्त करने में आवेदकों को आ रही परेशानियों की भी सुनवाई की। आवास योजना से संबंधित प्रकरणों में हितग्राहियों को हो रही परेशानी तथा संबंधित अधिकारी के मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जनपद सीईओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की।

### सुपरवाइजर प्रतिदिन कम से कम 3-3 आंगनबाड़ी केंद्रों का करें निरीक्षण : कलेक्टर

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः**कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे मैदानी कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय कार्यों में और अधिक कसावट लाने तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षात्मक बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर अब प्रतिदिन अपने कार्यक्षेत्र में कम से कम 3-3 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति, पोषण व्यवस्था, बच्चों की स्वास्थ्य एवं वृद्धि संबंधी स्थिति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज प्रत्येक बच्चे का वजन लिया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए कि कुपोषण श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति पर विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकतानुसार उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी बच्चे के अभिभावक द्वारा एनआरसी में भर्ती कराने में आनाकानी की जाती है तो इसकी जानकारी संबंधित पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को दी जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर समन्वय कर बच्चे को आवश्यक उपचार एवं पोषण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### जमुना देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः** आदिवासी अंचल की लोकप्रिय कांग्रेस नेत्री, पूर्व विधायक एवं कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय जमुना देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। महू-नीमच रोड स्थित नगर परिषद अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, प्रेस क्लब अध्यक्ष कैलाश सागर, नगर परिषद उपाध्यक्ष पप्पू असोलिया सहित अन्य लोगों ने जमुना देवी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जमुना देवी ने धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन सहित मालवा-निमाड़ क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय राजनीति की और आदिवासी समाज के बीच उनकी विशेष पहचान रही।

### अब तक 5.8 इंच कम बारिश पिछले साल की तुलना में मानसून सुस्त

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में इस मानसून सीजन बारिश पिछले साल के मुकाबले कम हुई है। भू-अभिलेख विभाग की 24 सितंबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून से 24 सितंबर तक जिले में औसत 34.2 इंच बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 39.9 इंच पानी गिरा था। इस तरह इस बार बारिश करीब 5.8 इंच कम रही। जिले की सामान्य औसत वर्षा 45.2 इंच मानी जाती है। इस हिसाब से अब तक हुई बारिश सामान्य से भी कम है। हालांकि, तहसीलवार स्थिति अलग-अलग रही है। सीहोर तहसील में इस साल 42.8 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 35.9 इंच से ज्यादा है। आष्टा में भी इस बार 35.3 इंच पानी गिरा, जबकि पिछले साल 33.0 इंच बारिश हुई थी। श्यामपुर में इस साल 31.7 इंच बारिश दर्ज हुई, जबकि पिछले साल 36.8 इंच पानी गिरा था। जावर में 25.3 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 30.6 इंच से कम है। इछावर में इस बार 32.0 इंच बारिश हुई, जबकि पिछले साल 35.8 इंच दर्ज की गई थी। भैरूंदा में इस साल 37.3 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 41.1 इंच से करीब 3.8 इंच कम है।

### एक दिन के नवजात को एयर एम्बुलेंस से अहमदाबाद पहुंचाया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** गंभीर हृदय रोग से पीड़ित एक दिन के नवजात को बेहतर उपचार के लिए पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से अहमदाबाद पहुंचाया गया। ग्राम जमुणी, देवास निवासी नवजात को गंभीर स्थिति में बालाजी अस्पताल, उज्जैन में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से पहले एम्बुलेंस द्वारा उज्जैन से इंदौर और फिर पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से करीब दो घंटे में यूएन मेहता अस्पताल, अहमदाबाद पहुंचाया गया। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल और एयर एम्बुलेंस के नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य माथुर ने आवश्यक समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित की।

# संभागायुक्त और कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़क व ब्रिज कार्यों का किया निरीक्षण

## महाकाल महालोक में स्थापित होंगी पत्थर और मेटल की 92 प्रतिमाएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** श्री महाकालेश्वर महालोक में जल्द ही पत्थर और मेटल की 92 प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इनमें 35 प्रतिमाएं पत्थर और 57 प्रतिमाएं मेटल की होंगी। शुक्रवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विक्रम नगर मार्ग स्थित प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि महालोक में स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं का निर्माण उज्जैन के अलावा ग्वालियर और जयपुर में भी किया जा रहा है। प्रतिमा निर्माण से पहले भगवान के स्वरूप का स्केच विशेषज्ञों की समिति से अनुमोदित कराया जाता है। स्वीकृत स्केच के आधार पर प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। प्रतिमाओं का निर्माण पुराणों में वर्णित स्वरूप और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने कार्यशाला में प्रतिमा निर्माण में लगे कारीगरों से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यशाला में कारीगरों की सुविधा के लिए पर्याप्त छाया, शेड, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसियों को काम में गति लाने के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**900 मीटर लंबी सड़क का भी निरीक्षणः** संभागायुक्त और कलेक्टर ने डी मार्ट के सामने निर्माणाधीन नवीन सड़क मार्ग का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार सड़क की लंबाई करीब 900 मीटर और चौड़ाई 18 मीटर है। संभागायुक्त ने बारिश का दौर कम होने के बाद सड़क निर्माण के शेष कार्य को गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का पालन करने को कहा।

बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचने के लिए सड़क के साथ प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

**शिप्रा नदी पर बन रहे ब्रिज का लिया जायजाः** इसके बाद अधिकारियों ने शिप्रा नदी पर निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए वर्षा काल के बाद काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित गति से आगे बढ़ाया जाए और अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। संभागायुक्त ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के मद्देनजर शहर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करना प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसियां आपसी समन्वय से कार्य करें।

# कलेक्टर ने सिरोंज तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम उप पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित शासन की गाइडलाइन की सूची कार्यालय के बाहर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए। साथ ही जिन रजिस्ट्रीयों पर रोक है, उनकी सर्वे नंबर सहित सूची भी कार्यालय के बाहर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री गुप्ता ने साइबर रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में क्रियान्वित कार्यों, स्टाफ एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाओं को बेहतर एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा विभागीय कार्यों का समयबद्ध रूप से संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## औद्योगिक भ्रमण से छात्राओं में विकसित हुई तकनीकी सोच



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास :** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, देवास द्वारा शासकीय राधाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय महारानी चिमनाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की 50 छात्राओं के लिए औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने उद्योग में विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं, मशीनों और तकनीकी कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उद्योग विशेषज्ञों ने छात्राओं को औद्योगिक कार्यप्रणाली और तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं करियर के अवसरों की जानकारी दी। छात्राओं ने उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों को देखा और तकनीकी विषयों से जुड़े सवाल पूछे। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को उद्योगों में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीक और कार्यप्रणाली से परिचित कराने के साथ व्यावहारिक एवं नवाचार आधारित सोच विकसित करना है। भ्रमण के दौरान छात्राओं को कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि को छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों और युवाओं को जोड़कर नवाचार, कौशल विकास और व्यावहारिक ज्ञान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### नगर पालिका ने चलाया सूअर पकड़ने का अभियान

**गंजबासौदा।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में खुले में घूम रहे सूअरों को हटाने के लिए नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। नगर पालिका की मैदानी टीम द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे सूअरों को पकड़ा जा रहा है। इसके बाद वाहनों के माध्यम से उन्हें शहर से बाहर अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना और रहवासियों को होने वाली परेशानियों को दूर करना है। नगर पालिका की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों में लगातार निगरानी की जा रही है। खुले में घूमने वाले सूअरों के कारण गंदगी और यातायात संबंधी परेशानी की शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सेवा संकल्प अभियान -2026 के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय, सीहोर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था, साथ ही सेवा, स्वच्छता, जनजागरूकता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया द्धजा रहा है ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जानकारी एवं सहभागिता की भावना विकसित करना है। इसी क्रम में जनभागीदारी योजनाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्राओं को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया।

छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छ परिसर एवं स्वच्छ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त जागरूकता विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के संबंध में जानकारी के साथ साथ 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्रदान की गई।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ पूजा कश्यप के साथ महाविद्यालय के डॉ. अनूप सिंह, डॉ. लखन लाल कलेशरिया, शिवम सक्सेना, डॉ नेहा शर्मा डॉ भारती सक्सेना नूरजहां हाशमी, अनिल भल्लावी, मंगला रायबोले एवं अनिल डकिया उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती और एनएसएस के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कुलदीप राजपूत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रस्तावना एवं कार्ययोजना की जानकारी दी। छात्रा मनन सुमन और चंदा ने 'हम होंगे कामयाब' गीत प्रस्तुत किया, जबकि स्वयंसेवक लक्ष्य शर्मा ने बांसुरी वादन किया। जिज्ञासु शर्मा ने एनएसएस से संबंधित जानकारी साझा की। सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनय सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालक शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने एनएसएस के संगठन, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता और सेवाधर्मिता के बारे में बताया। उन्होंने स्काउट और एनसीसी जैसी संस्थाओं की गतिविधियों की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य संदीप रावत ने विद्यालय में एनएसएस की शुरुआत के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन आशिक लोधी और विधि माथुर ने किया। बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### टेल लैंप के आदेश के विरोध में रेलकर्मी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**जबलपुर।** मालगाड़ियों में टेल लैंप की व्यवस्था एवं रखरखाव से संबंधित रेल प्रशासन के नए आदेश के विरोध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन के पहले चरण में 28 सितंबर से रनिंग स्टाफ काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करेगा। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर आंदोलन की सूचना दी है और आदेश वापस लेने की मांग की है। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने कहा कि लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर पहले से ही कार्य के दबाव में हैं। ऐसे में टेल लैंप के रखरखाव की जिम्मेदारी भी रनिंग स्टाफ को सौंपना व्यावहारिक नहीं है।

## वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर सामूहिक गायन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** विद्या भारती संस्थान, नई दिल्ली के आह्वान पर सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विद्या भारती संस्थान एवं सरस्वती शिशु मंदिर से जुड़े बृजेंद्र मंडपे ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मुख्य वक्ता रोहित भावसार तथा विशेष अतिथि संगीत आचार्य महेंद्र सिंह राजपूत और पंकज तिवारी मौजूद रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की संगीत टीम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद संस्था डायरेक्टर ने अतिथियों का पुष्पहार, शॉल एवं श्रीफल से स्वागत किया। देवेंद्र यादव ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। रोहित भावसार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् ने देशवासियों में राष्ट्रभावना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, मातृभाषा और संस्कारों से जुड़े रहने तथा सोशल मीडिया के प्रभाव के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को दी स्कूटी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बाल रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत की गई।

विधायक सुदेश राय ने मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत मेधावी छात्र अनिल पाल और छात्रा निशा मीणा को चेतन स्कूटी प्रदान की गई। विधायक सुदेश राय और अन्य अतिथियों शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के समूह और एकल नृत्य प्रस्तुत करने वाले और वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक सुदेश राय सहित अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं खूब मन लगाकर लगाकर पढ़ाई करें और एसपी कलेक्टर एसडीएम अधिकारी बनकर शहर और गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सभी क्षेत्रों में प्रयास करते रहना चाहिए खेलों में भी पीछे नहीं रहना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं और पालक गण मौजूद रहे।

### नेत्र शिविर में 205 मरीजों की जांच, 31 में मोतियाबिंद की पहचान

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु नेत्र केंद्र में नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सक डॉ. उमेश यादव और डॉ. राजकरण वर्मा ने 205 नेत्र रोगियों की जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल और नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी।

शिविर में 31 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई। 103 मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 39 मरीजों की आंखों की जांच कर चश्मे के नंबर दिए गए। ऑपरेशन के बाद 27 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। शिविर में समाजसेवी जगदीश अग्रवाल, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी, विजय अरोरा और संजीव शर्मा ने सहयोग किया। कैंप प्रभारी जीतू पाठक ने पंजीयन, धर्मेंद्र अहिरवार ने विजन जांच, रवि धाकड़ ने दवा वितरण और रणवीर सिंह बघेल ने काउंसलिंग की। समाजसेवी जगदीश एलिया और सुनीता एलिया ने चिकित्सकों एवं समाजसेवियों का तिलक लगाकर और पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। संस्था प्रमुख सुनील पिंगले ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र जांच एवं उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना था।

## राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं पर 5 शासकीय उचित मूल्य दुकानों से जुड़े संचालकों के विरुद्ध एफआईआर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को राशन वितरण व्यवस्था की निरंतर निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभाग विदिशा एवं सिरोंज अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3ञ्7 के तहत संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वार्ड 22 एवं वार्ड 24, विदिशा जिला थोक उपभोक्ता भंडार विदिशा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान वार्ड 22, दुकान कोड 2701076 एवं वार्ड 24, दुकान कोड 2701078 में राशन वितरण संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर प्रबंधक योगेन्द्र तोमर एवं विक्रेता अखिलेश शर्मा के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। विदिशा नगरपालिका के वार्ड 18 में नवज्योति उपभोक्ता भंडार विदिशा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान वार्ड 18, दुकान कोड 2701072 में अनियमितता पाए जाने पर विक्रेता जितेंद्र भदौरिया एवं सहायक विक्रेता हर्ष अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

गुरारिया लश्करपुर रिया आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान गुरारिया लश्करपुर, दुकान कोड 2701113 में अनियमितता पाए जाने पर समूह की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका भार्गव, विक्रेता श्रीमती रश्मि शर्मा एवं सहायक विक्रेता रवि शर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। रिनिया लघु वनोपज सहकारी समिति टोरी बागरोद द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान रिनिया में राशन वितरण में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर प्रबंधक सुनील वर्मा एवं विक्रेता यशपाल सिंह यादव के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जगथर जानकी स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जगथर में अनियमितता पाए जाने पर समूह की अध्यक्ष श्रीमती अनारवाई, विक्रेता शिवानी यादव एवं सहायक विक्रेता हिमांशु यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।